प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में नवनीत गरबा नाइट का आयोजन

पन्तनगर। 27 मार्च 2023। विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने कोर्स इंस्ट्रक्टर डा. छाया शुक्ला के अंतर्गत इवेंट मैनेजमेंट के कोर्स के माध्यम से 'नवनीत–गरबा नाइट' का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। इस इवेंट के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, सभी छात्रावासों से उनकी वार्डन एवं अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. बृजेश सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने सभी छात्रों की मेहनत एवं इवेंट में लगी सभी तैयारियों के लिए सराहा एवं इस तरह के कार्यक्रम को बड़े स्तर पर कराने का आसवासन भी दिया। कुलसचिव डा. दीपा विनय ने विभाग के दिन प्रतिदिन विकसित होने की कामना की, अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल ने विभाग के सभी विद्यार्थियों तथा डा. छाया शुक्ला के मागर्दशन की सराहना करते हुए छात्रों की सफल भविष्य की कामना की। अंत में डा. छाया शुक्ला ने कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को प्रोत्साहित कर उन्हें संस्कृति से जोड़ते हैं। यह कार्यक्रम नव संवत्सर सन 2080 के पावन अवसर पर आयोजित किया गया है, जिसका एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है कि विद्यार्थी अपनी संस्कृति एवं धरोहर से जुड़े तथा त्योहारों एवं संस्कारों का मूल्य समझे। कार्यक्रम के आयोजक छात्रा शिवानी कोरी एवं सह–कार्यक्रम आयोजक दिव्या, एवं विभाग के अन्य विद्यार्थियों के परिश्रम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 300 छात्रों ने प्रतिभाग किया।



*कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ मुख्य अतिथि एवं अन्य।*